| दिनांक 01.06.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 01/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद प्रतापगढ़/थाना लीलापुर/थाना फतनपुर

- **25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 01.06.2025 को थाना लीलापुर व थाना फतनपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानो से 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–विजय 2–सरफराज को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना लीलापुर व थाना फतनपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विजय निवासी करदहा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर।

2–सरफराज निवासी ग्राम भीखीपुर थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़।

## जनपद जालौन/थाना कोतवाली उरई

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 17 लाख रूपये कीमत के चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण**
- **चोरी के 44 हजार 700 रूपये नगद**
- **चोरी की 01 एलईडी टीवी**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 01.06.2025 को थाना कोतवाली उरई व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर इगलाशपुरा चौराहे से चुर्खी बाइपास के पास से अभियुक्त

यशपाल उर्फ छिल्लू को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 17 लाख रूपये कीमत के चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण, चोरी के 44 हजार 700 रूपये नगद, चोरी की 01 एलईडी टीवी, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 08.05.2025 को थाना कोतवाली उरई क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली उरई पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण, रूपया, टीवी आदि चोरी की घटनाओं से समबन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद जालौन के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 15 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली उरई पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–यशपाल उर्फ छिल्लू निवासी ग्राम रूरा अड्डू थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन।

**बरामदगी**

1–लगभग 17 लाख रूपये कीमत के चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण।

2–चोरी के 44 हजार 700 रूपये नगद।

3–चोरी की 01 एलईडी टीवी।

4–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद मऊ/थाना मुहम्मदाबाद

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 01.06.2025 को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन मुहम्मदाबाद के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त संजय कुमार को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना मुहम्मदाबाद पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–संजय कुमार निवासी गालिबपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना सैंया

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 12 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 01.06.2025 को थाना सैंया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गण्डेशपुरा चौराहे के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त साहब सिंह घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट के 12 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 20.05.2025 को थाना सैंया क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सैंया पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सैंया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—साहब सिंह निवासी कछिलपुरा थाना सदर जनपद धौलपुर राजस्थान।

**बरामदगी**

1—लूट के 12 हजार रूपये नगद।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस।

## जनपद श्रावस्ती/थाना सिरसिया

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 14 मोटर साइकिल**
- **15 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 31.05.2025 को थाना सिरसिया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सहदेइया पुल के पास से 03 अभियुक्तों 1—तोताराम 2—दिलगजन 3—किशोरीलाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 14 मोटर साइकिल, 15 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त तोताराम शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद श्रावस्ती के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सिरसिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—तोताराम निवासी रमुवापुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती।

2—दिलगजन निवासी रमुवापुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती।

3—किशोरीलाल निवासी बनघुसरी थाना नवाबगंज जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1—चोरी की 14 मोटर साइकिल।

2—15 हजार रूपये नगद आदि।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना सेहरामऊ दक्षिणी

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 किलो 320 ग्राम अवैध अफीम**
- **नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 01.06.2025 को थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नागरपाल पुल के पास से 03 अभियुक्तों 1—प्रदीप 2—श्रवण 3—सुधीर कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 किलो 320 ग्राम अवैध अफीम, नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सेहरामऊ दक्षिणी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—प्रदीप निवासी ग्राम बसहरपुरवा थाना बिलग्राम जनपद हरदोई।

2—श्रवण निवासी मोहल्ला कटरा थाना बिलग्राम जनपद हरदोई।

3—सुधीर कुमार निवासी ग्राम बसहरपुरवा थाना बिलग्राम जनपद हरदई।

**बरामदगी**

1—01 किलो 320 ग्राम अवैध अफीम।

2—नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन।

3—01 मोटर साइकिल।

- **<u>जनपद बांदा (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 86 लाख रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)</u>**

जनपद बांदा पुलिस ने 03 अभियुक्तों 1–मो0रजा हुसैन पुत्र इसरार अली निवासी मोहल्ला शेखन, 2–हलीम खान 3–मो0शेखू खान पुत्रगण घुरू खान निवासी ग्राम सलीहाबाबा थाना ललौली जनपद फतेहपुर द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी चल सम्पत्ति कीमत करीब 86 लाख रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

————————